# टीसीआई ने की वित्तीय परिणामों की घोषणा

**सामना संवाददाता / मुंबई**

ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीसीआई), भारत की अग्रणी इंटिग्रेटेड सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स सॉल्युशंस प्रोवाइडर ने दूसरी तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की। टीसीआई का साल-दर-साल २०.३इ और सिक्वेंशियल १८.६इ की बढ़ोतरी के साथ ऑपरेशंस से राजस्व ७३७ करोड़ रुपए रहा। वित्त वर्ष २०२१ की दूसरी तिमाही में ६६ करोड़ रुपए की तुलना में १०४ करोड़ रुपए का रहा। विनीत अग्रवाल, प्रबंध निदेशक, टीसीआई ने कहा, 'पिछली तिमाही में अधिकांश उद्योग क्षेत्रों में वृद्धि दर्ज की गई है, जिसके परिणामस्वरूप हमारी सभी सेवाओं और समाधानों के लिए अच्छा संकर्षण प्राप्त हुआ है। ग्राहकों ने टीसीआई पर भरोसा करना जारी रखा। हमारे तटीय और रेल मल्टीमॉडल एंड-टू-एंड समाधानों की मांग ने ग्राहकों को अपने कार्बन फुटप्रिंट पर बचत करने में सक्षम बनाया।'